हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जून 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

10 पंच उपचुनाव : भाजपा को 3 और कांग्रेस को 2 सीट ...



11 जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का माध्यम बनेगी ...



## खबर संक्षेप

### धीवर समाज का करियर काउंसलिंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 5 जून को

**धमतरी।** धीवर समाज धमतरी परगना द्वारा छात्र-छात्राओं का करियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान 5 जून को सुबह 10 बजे धीवर समाज भवन महिमासागर वार्ड में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में महापौर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा मनोचिकित्सक विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता, विषय चयन एवं करियर निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। समाज के सचिव सोहनलाल धीवर ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### भीषण गर्मी से मिली राहत

**धमतरी।** आसमान में बादलों की आवाजाही और तापमान में आई गिरावट के कारण लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। सोमवार और मंगलवार को मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहा। तेज धूप का असर कम होने से बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ी। गर्म हवाओं से परेशान नागरिकों ने मौसम में आए इस बदलाव का स्वागत किया है। मौसम जानकारों के अनुसार, क्षेत्र में नमी बढ़ने और बादलों की सक्रियता के कारण तापमान में कमी दर्ज की गई है। आने वाले दिनों में भी मौसम का यही रुख बना रह सकता है तथा कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है। गर्मी से राहत मिलने के बाद किसानों और आम नागरिकों में खुशी का माहौल है।

### छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 13 को



**नगरी।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं की रिक्त 15 सीटों पर प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। परीक्षा का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय श्रृंगी ऋषि अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में होगा। प्रवेश के लिए पात्र छात्राओं का पांचवीं कक्षा में न्यूनतम बी-ग्रेड प्राप्त करना अनिवार्य है। सीट 80 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति, 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा 5 प्रतिशत सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित है। आवेदन पत्र 11 जून को शाम 5 बजे तक अधीक्षिका, आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर दुगली के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

# नैनो से जुड़ी ड्रोन तकनीक, जहरीली खेती से मिलेगी राहत

## दानेदार खाद की जगह नैनो खाद का छिड़काव ड्रोन से करने पर मिलेगा बेहतर रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जहरीली होती खेती को ड्रोन और नैनो तकनीक से पुनर्जीवन देने की कोशिश की जा रही है। किसानों को दानेदार खाद की जगह नैनो खाद की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। धमतरी देश का पहला जिला है, जहां पर सहकारी समितियों से किसानों को ड्रोन किराए पर मिलेगा।

अब तक किसान जो दानेदार रासायनिक खाद का छिड़काव करते आ रहे हैं, उसका 60 प्रतिशत पोषण तो पौधे ग्रहण ही नहीं कर पाते हैं, लेकिन जमीन को नुकसान जरूर होता है। यही स्थिति कीटनाशकों को लेकर है। फसल और जमीन तो जहरीली होती है, लेकिन कीटों पर इसका असर कम होता है।

कृषि विभाग के एफएल पटेल ने बताया कि खाद और कीटनाशकों की नैनो तकनीक दानेदार से सैकड़ों गुना बेहतर है। इसका छिड़काव ड्रोन से किया जाता है तो यह और भी कारगर होता है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर इन दोनों तकनीक से खेती की स्थिति सुधारने और किसानों को और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर धमतरी जिले की 10 सहकारी समितियों में ड्रोन की सुविधा शुरू की गई है, जहां से किसानों को दवा और खाद छिड़काव के लिए किराए पर ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा।

### बेहतर है नैनो खाद

कृषि विशेषज्ञों की माने तो नैनो तकनीक में पोषक तत्व काफी सूक्ष्म आकार में होते हैं जिसे पौधे बेहतर ढंग से अवशोषित करते हैं। वहीं ड्रोन से स्प्रे में भी फुहार काफी सूक्ष्मता से होती है। इससे रिजल्ट काफी बेहतर मिलता है। कम लागत में बेहतर उत्पादन के लिए यह तकनीक कारगर होगी। यही नहीं समय की भी बचत होगी। एक एकड़ में दवा छिड़काव मात्र 5-7 मिनट में हो जाता है।



### सभी समितियों में शुरू करने का लक्ष्य

ड्रोन की सुविधा सभी सहकारी समितियों में शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है जहां पर यह सुविधा चालू की गई है। वहां ड्रोन संचालन के लिए वाहन, जनरेटर आदि की व्यवस्था की जा रही है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में खेती में मजदूरों की समस्या काफी गंभीर है। ड्रोन की सुविधा चालू होने से किसानों को इस समस्या से थोड़ी राहत मिलेगी।

## लापरवाह डॉक्टर का एक और कारनामा

# जिला अस्पताल के डॉक्टर ने किया स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल के एक लापरवाह डॉक्टर द्वारा पुरूष वार्ड में ड्यूटी कर रहे स्टाफ नर्सों के साथ दुर्व्यवहार किये जाने का मामला सामने आया है।

उल्लेखनीय है कि धमतरी का जिला चिकित्सालय इन दिनों लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। अपनी बदहाली के दौर से गुजर रहे जिला अस्पताल से आये दिन कुछ न कुछ विवादित घटनाएं सामने आ रही हैं। बीते 6 मई को ड्यूटी डॉक्टर शुभम विश्वकर्मा ने जेल से लाये गये बंदी की जांच व उपचार में लापरवाही बरती। फर्श पर तड़प रहे बंदी मरीज को डॉक्टर शुभम ने देखना तक उचित नहीं समझा। आनन-फानन में मरीज को पुरूष वार्ड में लाया गया। जहां स्टाफ नर्स द्वारा आवश्यक ट्रीटमेन्ट देकर आईसीयू में भर्ती कर दिया गया। इसके बाद भी ड्यूटी पर तैनात शुभम मरीज को देखने नहीं गया। आखिरकार दूसरे ड्यूटी डॉक्टर ने शाम 4 बजे बंदी मरीज को रायपुर रिफर किया। इस लापरवाही पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा लापरवाह डॉक्टर को नोटिस देकर खानापूर्ति कर दी गई थी। इस घटना के महज चार दिन बाद डॉक्टर शुभम विश्वकर्मा का एक और नया कारनामा सामने आया है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल के पुरूष वार्ड में मानसिक रूप से कमजोर मरीज भर्ती था। 1 जून की सुबह मरीज बिना बताये कहीं चला गया। इस दिन डॉ. शुभम विश्वकर्मा की दोपहर 12 बजे से ड्यूटी थी। वार्ड के स्टाफ द्वारा डॉ. शुभम विश्वकर्मा को फोन कर सूचित किया गया। वार्ड ब्वाय के माध्यम से डॉक्टर के पास टिकट भेजा गया जिस पर डॉक्टर शुभम ने फोन पर स्टाफ नर्स से दुर्व्यवहार करते हुए अपशब्दों का प्रयोग किया जिससे ड्यूटी कर रहे सभी स्टाफ आहत हो गये। घटना की लिखित शिकायत कलेक्टर, सीएमएचओ व सिविल सर्जन से कर कार्रवाई की मांग की गई है।




### कड़ी कार्रवाई की जरूरत

इस तरह घटना की शिकायतों पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा संबंधित को स्पष्टीकरण के लिये मात्र नोटिस देकर बचा लिया जाता है। नोटिस के बाद आगे की कार्रवाई शून्य रह जाती है।कड़ी कार्रवाई नहीं होने पर वे लगातार लापरवाही बरतते हैं। इस तरह की लापरवाही व दुर्व्यवहार पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

# मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी/धमतरी

- गजकन्हार जंगल में सरई बीनने गई थी

गजकन्हार जंगल में सरई बीनने गई एक वृद्ध महिला पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को पहले नगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



अस्पताल पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पालगांव थाना दुगली निवासी रामबती (75 वर्ष) पति दामाराम अपनी बेटी देवकुंवर के घर गजकन्हार आई थी। बेटा निनकू राम ने बताया कि वह लगभग एक सप्ताह से अपनी बेटी के यहां रह रही थी। सोमवार 1 जून की सुबह वह अन्य ग्रामीणों की तरह जंगल में सरई बीनने गई थी। इसी दौरान जंगल में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। सैकड़ों मधुमक्खियों के डंक लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन और ग्रामीण तत्काल उसे नगरी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण उसे जिला अस्पताल धमतरी रेफर कर दिया गया।

मंगलवार 2 जून की सुबह करीब 9:45 बजे जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद रामबती को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। अस्पताल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्र में जंगलों में महुआ, तेंदूपत्ता और सरई जैसे वनोपज संग्रहण के दौरान मधुमक्खियों के हमले की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहती हैं, जिससे वन क्षेत्र में जाने वाले लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता होती है।

## उपसरपंच ने मनरेगा में रोजगार की मांग की

**धमतरी।** मंगलवार को ग्राम पंचायत कलारतराई के उपसरपंच माधवेंद्र हिरवानी ने मनरेगा अंतर्गत नियमित रोजगार उपलब्ध कराने की मांग कलेक्टर से की है। कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि ग्राम कलारतराई के वार्ड क्र. 11 के निवासी मनरेगा कार्य से वंचित हैं। मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 125 दिवस रोजगार उपलब्ध कराने की घोषणा शासन ने की है, लेकिन वार्ड के श्रमिकों को इस साल मात्र 5 दिवस ही रोजगार प्राप्त हो पाया है। इससे मजदूर परिवारों के समक्ष आर्थिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। पर्याप्त काम नहीं मिलने से अनेक परिवारों को रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने पात्र हितग्रहियों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की है।



- साल भर में पांच दिन ही काम मिला

## जल्द होगा महामैराथन दौड़ का आयोजन

**बगदेही(धमतरी)।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों को वर्क आउट के बाद पौष्टिक नाश्ते के रूप में अंकुरित चना, फली एवं मूंग वितरित किया गया। अकादमी में 1 मई से जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी के तत्वावधान में निःशुल्क आर्मी भर्ती प्रशिक्षण तथा विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के लगभग 55 बालक-बालिकाएं नियमित रूप से भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 5 बजे शुरू होता है, जहां व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू द्वारा असेम्बली एवं उपस्थिति के बाद वार्मअप, कंडीशनिंग, स्ट्रेचिंग और रोड रनिंग कराई जाती है। खिलाड़ी लगभग 10 किलोमीटर दौड़ पूरी करने के बाद कूलडाउन करते हैं तथा इसके पश्चात कबड्डी, फुटबॉल और एथलेटिक्स का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। प्रशिक्षण समाप्ति पर खिलाड़ियों को पौष्टिक आहार दिया जाता है। अकादमी प्रबंधन के अनुसार 10 से 15 जून के बीच एक महामैराथन दौड़ का आयोजन भी किया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## जरुरतमंद हितग्राहियों को शीघ्र योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग

# आवास, पेंशन, खाद-बीज के मुद्दे पर पूर्व विधायक ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पूर्व विधायक लेखराम साहू ने प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, खाद की कालाबाजारी, ट्रेड लाइसेंस के मुद्दे को लेकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान उनके साथ जरुरतमंद लोग भी मौजूद थे।

मंगलवार को कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिमासागर वार्ड निवासी शिवकुमार साहू आवास की छत ढलाई तक काम कर चुका है। कई अन्य हितग्राही का मकान इसी लेवल पर है लेकिन अब तक हितग्राहियों के खाते में एक भी किस्त नहीं आई है। इसी तरह वृद्ध, विधवा, दिव्यांगजनों की पेंशन 6 माह से अटकी हुई है। किसानों को भी खाद बीज सही मात्रा में नहीं मिल रहा है। बिचौलियों का गोदाम पूरी तरह से भरा हुआ है जिससे किसानों को दोगुने दाम पर मजबूरी में बाजार से खरीदना पड़ रहा है।



पूर्व विधायक श्री साहू ने कहा कि ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य करने से व्यापारी वर्ग परेशान हैं। जबकि प्रदेशभर के व्यापारी जीएसटी, आनलाइन कारोबार से जूझ रहे हैं। ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य करने से छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारियों के लिए आर्थिक कल्याण विभाग मद से राशि नहीं आ रही है तो अन्य मदों की राशि से गरीब वर्ग को योजनाओं का लाभ दिया जाए।

# सड़क हादसे में तीन लोग घायल

- गंगरेल मार्ग में एक बाइक को दूसरी बाइक ने पीछे से मारी जोरदार टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल की तरफ से लौट रहे बाइक को दूसरी बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार नवागांव कंडेल निवासी तेजप्रकाश महार व युवती बाइक से गंगरेल की तरफ से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रूद्री पुलिस लाइन से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक हेमलाल निषाद ने सामने जा रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के दौरान वहां से गुजर रहे फ्रीडम एकेडमी के लोकेश साहू ने वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान व कमल साहू को घटना की सूचना दी। जानकारी होने पर वे तत्काल पहुंचे और तीनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों का उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक का चालक हेमलाल नशे में धुत था।



## सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ा

# कलेक्टोरेट में आत्मदाह का प्रयास, मची अफरातफरी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में उस समय अफरातफरी मच गई तब एक युवक ने खुद पर केरोसिन डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ा और बड़ी अनहोनी को रोका।

परिवार सहित इच्छामृत्यु की अनुमति को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे युवक रोहित सोनी पिता पवनकुमार सोनी ने बताया कि वह साईंबाबा मंदिर के पास पोस्ट आफिस वार्ड का निवासी है। इतवारी बाजार उपस्वास्थ्य केंद्र के पीछे बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर के बगल में उसका घर है जहां 60 वर्षों से उसका परिवार निवासरत है। कुछ दिन पहले मंदिर ट्रस्ट के लोगों ने उनके घर आने-जाने के रास्ते को खोदकर बंद कर दिया है। जब वह ⏩ शेष पेज 10 पर

### पार्षद पर दबंगई का आरोप

रोहित सोनी ने बताया कि नगर निगम का पार्षद निलेश लूनिया व उसके अन्य साथियों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि तुम लोग अपना घर छोड़कर चले जाओ, नहीं तो घर से बाहर फेंकवा दूंगा। रोहित ने आगे कहा कि वर्तमान में उसके घर आने जाने के रास्ते में गड्ढा बना दिया है। इससे रास्ता बंद हो गया है। उसका इतना ही कहना है कि हमारे आने-जाने के लिए रास्ता दे दे।

### मुझे कोई जानकारी नहीं है : पार्षद

इस संबंध में पार्षद निलेश लूनिया ने कहा कि मीडिया के माध्यम से उसे इस घटना की जानकारी हुई है। वह सदर उत्तर वार्ड का पार्षद है। जो भी मामला है, वह व्यक्तिगत नहीं है। बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट का है। अध्यक्ष विपिन पवार हैं, जो भी जानकारी होगी विपिन पवार देंगे। मुझे इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

### सुरक्षाकर्मियों ने दिखाई तत्परता

कलेक्टोरेट के मुख्य द्वार पर सैनिक अश्वनी टंडन एवं नारद साहू तैनात थे। इसी दौरान युवक रोहित सोनी अपने परिजनों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे। मुख्य द्वार के पास रोहित ने बैग में छिपाकर लाए पीले रंग के पालीथिन में भरे केरोसिन को निकाला और सिर में उड़ेल दिया। यह दृश्य देख नारद साहू और अश्वनी टंडन ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया। उसके हाथ से माचिस छीनी और उसे कलेक्टोरेट के अंदर वाशरूम में ले जाकर नहलाया। उसके बाद युवक को रूद्री थाना लाया गया।

CH चटर्जी हॉस्पिटल
डॉ. सुधीर चटर्जी (एम.डी. मेडिसीन)
अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी
मो. नं. : 70006-27909
ओपीडी का समय :
प्रातः 10 से 2 बजे, शाम 6 से 8 बजे
सुविधाएं
वात रोग, उदर रोग, मिर्गी
कीमोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध
शुगर, खून, पेशाब जांच की सुविधा
कम्प्यूटराइज ईसीजी मशीन
◆ डायबिटीज, हायपर टेंशन, थॉयरायड
◆ बुखार, मलेरिया, निमोनिया, पीलिया
◆ गुर्दे, लीवर, फेफड़े, नेबुलाइजर मशीन उपलब्ध
◆ मल्टी आर्गन फेलियर, पायजनिंग, सर्पदंश
दिनांक : 4 जून, गुरूवार दोपहर 2 से 4 बजे तक
आपके शहर धमतरी में मस्तिष्क एवं स्नायु रोग विशेषज्ञ
◆ सिरदर्द (माईग्रेन, तनाव सिरदर्द) ◆ पार्किंसंस रोग (कंपकंपी, जकड़न, धीमी गति से चलना, संतुलन समस्या)
◆ स्ट्रोक/लकवा (अचानक कमजोरी, सुन्नता, दृष्टि समस्या, भाषण कठिनाईयां, संतुलन समस्या)
◆ मिर्गी और दौरे (बार-बार दौरे, आक्षेप, होश खोना) ◆ पीठ दर्द, साइटीका

डॉ. छत्रपाल सिंह साहू
MBBS, MD (Med.), DM (Neuro)
(न्यूरो फिजिशियन)

## खबर संक्षेप

### बाइक चालक की लापरवाही से युवक की मौत, केस दर्ज

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत धरमपुर मेन रोड के पास सड़क दुर्घटना में युवक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 9 अप्रैल को सुबह करीबन 10 बजें मृतक छोटेबेठिया थानांतर्गत 36 वर्षीय राजेश देहारी पिता सुकलाल देहारी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजी 8674 में बैठकर अपने बेटा को लेने घोडागांव आश्रम गया था। आश्रम से अपने बेटे को लेकर वापस अपने घर आकमेटा आ रहा था। दोपहर करीबन ढाई बजे पीव्ही 92 धरमपुर मेन रोड में पहुंचा था कि सामने से आ रही मोटर सायकल बिना नम्बरी स्प्लेण्डर का चालक आलदण्ड निवासी 35 वर्षीय श्याम लाल वड्डे पिता पिटला वड्डे अपनी मोटर सायकल को लापरवाही पूर्वक तेज गति से चलाते हुए मोटर सायकल को ठोकर मार दिया, जिससे राजेश देहारी सड़क में गिर गया जिससे सिर, चेहरा, पैर एवं शरीर में चोट लगी। खून निकलने लगा व गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी श्याम लाल के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत कोतहुड़ निवासी 21 वर्षीय अनिल कुमार गावड़े पिता चमरा राम का पेड़ से गिरने कि वजह से आई गंभीर चोट के कारण 31 मई को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक जंगल में सूखा सरई पेड़ काटने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। अचानक पैर फिसल जाने से उसकी मौत हो गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कलेक्टोरेट में आत्मदाह का प्रयास, मची...

घर बना रहा था तब 10 से 20 लोगों ने निर्माणाधीन घर में घुसकर काम रूकवा दिया और कहा कि काम रोक दो, यहां पर घर नहीं बना सकते, मंदिर वाले यहां दीवार उठाएंगे। तुम अपना परिवार लेकर कहीं चले जाओ।

कलेक्टर को लिखे आवेदन में कहा है कि अगर उन्हें घर आने जाने का रास्ता नहीं मिलेगा तो अपना परिवार लेकर कहां जाएगा। उसके परिवार में आठ सदस्य हैं। दबाव के चलते ईहलीला समाप्त करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-भोथली तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**

// सूचना पत्र //

प्रति,

1. भवानी पिता रामचरण उर्फ रतन
2. दिलीप कुमार पि. जगदीश
3. तीज बाई पि. जगदीश
4. हेमलाल पि. सोमन साहू
5. मोहन पि. रामू साहू
6. सुंदरी बाई पि. मुरारी
7. छबिलाल पि. श्री राम वगै.
8. परभु राम पि. रामचरण
9. नीलकंठ पिता ईश्वर साहू
10. राजेश पि. महेत्तर

विषय :- सीमांकन की सूचना बाबत्।

--00--

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम लिमतरा प.ह.नं 19 रा.नि.मं.-भोथली तहसील व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 377, 417/1 रकबा 0.22, 0.18 हे. का आवेदक भवानी पिता रामचरण निवासी लिमतरा के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार/अति. तह./नायब तह. धमतरी के आदेश दिनांक 08/03/2026 के अनुसार सीमांकन दिनांक 10/06/2026 को दिन बुधवार समय 12.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण सीमांकन के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म. भोथली

# सेवानिवृत्त गुरुजनों के सम्मान में उमड़ा पूर्व विद्यार्थियों का स्नेह और समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड एवं सर्वे हिताय शिक्षा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी रायपुर स्थित विमतारा भवन में आयोजित श्री गुरुवे नमः सम्मान समारोह गुरु-शिष्य परंपरा, कृतज्ञता और सामाजिक समर्पण का अनुपम उदाहरण बनकर सामने आया। यह आयोजन 31 मई को सेवानिवृत्त हुए शिक्षक पी. आर. साहू को समर्पित था, जिन्होंने वर्ष 1989 से 2005 तक विद्यालय में अपनी सेवाएं देते हुए हजारों विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा प्रदान की।

समारोह की सबसे विशेष बात यह रही कि वर्ष 1989 से वर्तमान तक विद्यालय में सेवाएं दे चुके सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को एक मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। पूर्व विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने गुरुजनों का गमछा, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प अर्पित कर अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल कार्यालय छत्तीसगढ़ की उपसचिव निधि साहू उपस्थित रहीं, जिन्होंने सेवानिवृत्त गुरुजनों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए। समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी गुरुजनों द्वारा किया गया। लगभग 300 पूर्व विद्यार्थियों को गुरुजनों ने आशीर्वाद स्वरूप गमछा पहनाकर सम्मानित किया।

लगभग 350 लोगों की सहभागिता वाले इस आयोजन में समाजसेवी जुगल किशोर अग्रवाल, प्रख्यात चिकित्सक डॉ. आरके सुखदेवे एवं साहित्यकार सुकदेव साहू सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में तुमनचंद साहू, रंजीता साहू, आत्माराम साहू, मंशाराम साहू, कमलेश मार्कंडेय, प्रदीप साहू, होमचंद नागरची, परमानन्द साहू, विनोद अग्रवाल एवं पूर्व विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### श्री गुरुवे नमः सम्मान समारोह बना गुरु-शिष्य परंपरा का ऐतिहासिक उत्सव



**गुरुजनों को पारंपरिक भोजन परोसा**

वर्षों बाद अपने विद्यार्थियों से सम्मान पाकर कई गुरुजन भावुक हो उठे। पूर्व विद्यार्थियों ने गांव से दाल, चावल, सब्जी, भाजी, पापड़, छाछ, दही एवं मिठाइयां लाकर स्वयं भोजन तैयार कराया तथा गुरुजनों को पारंपरिक भोजन परोसा। इसके बाद मोमेंटो एवं गमछा भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

### सीसीपीएल-3 में कमेंट्री के लिए कुरुद से हरीश का चयन

# क्रिकेट मैच का छत्तीसगढ़ी में आंखो देखा हाल सुनाएंगे हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। जब क्रिकेट की भूमि पर चौके-छक्कों की वर्षा होगी, तब क्रीड़ास्थल से लेकर दूरदर्शन की पटल तक छत्तीसगढ़ की मिट्टी की गुरतुर बोली का जादू बिखरेगा। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित होने वाले बहुप्रतिष्ठित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) तृतीय चरण के समीक्षा कक्ष से इस बार एक नया इतिहास रचा जाएगा। कुरूद क्षेत्र के गौरव हरीश देवांगन को इस बड़े मंच पर सीधे छत्तीसगढ़ी भाषा में आंखों देखा हाल सुनाने के लिए आधिकारिक तौर पर चुना गया है।



**कड़े मुकाबले के बाद निर्णायक मंडल ने लगाई मुहर**

छत्तीसगढ़ी बोली और संस्कृति को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के लिए राज्य क्रिकेट संघ ने पूरे प्रदेश से आवेदन आमंत्रित किए थे। कड़े मुकाबले के बीच आवेदकों की खेल उपलब्धियों और ध्वनि नमूनों की सूक्ष्मता से जांच की गई। छग राज्य क्रिकेट संघ के निर्णायक मंडल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव के खेल शिक्षक व संघ के अंपायर देवांगन के हुनर पर अपनी अंतिम मुहर लगाई। अब हरीश अंतरराष्ट्रीय स्तर के हिंदी समीक्षकों के साथ सुर में सुर मिलाकर दुनिया भर के खेलप्रेमियों तक छत्तीसगढ़ी भाषा का गौरव पहुंचाएंगे।

**राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर का है अनुभव**

हरीश केवल शब्दों के जादूगर नहीं हैं, बल्कि खेल की बारीकियों को भी भली-भांति समझते हैं। वे विद्यालय खेल महासंघ के राष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर हैं, जिन्हें श्रीनगर, मुंबई, इंदौर, ग्वालियर और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में अंपायरिंग व खेल समीक्षा का लंबा अनुभव है। इतना ही नहीं, दुबई में आयोजित भारतीय कनिष्ठ प्रीमियर लीग में भी वे मार्गदर्शक के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। एक अंपायर और शिक्षक होने के साथ-साथ वे एक उत्कृष्ट कवि, मंच संचालक और रंगमंच के कलाकार भी हैं।

**3 जून से परसदा क्रीड़ास्थल में महामुकाबला**

छत्तीसगढ़ के उभरते हुए खिलाड़ियों को बड़े मंचों के लिए तैयार करने वाले इस महामुकाबले में कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें रायगढ़ लायंस, रायपुर राइनोस, बिलासपुर बुल्स, बस्तर बायसन, सरगुजा टाइगर्स और राजनांदगांव पैंथर्स शामिल हैं। यह पूरा रोमांच 3 जून से 14 जून के बीच शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट क्रीड़ास्थल परसदा (रायपुर) में खेला जाएगा। हरीश देवांगन की इस सफलता से पूरे कुरूद क्षेत्र की मिट्टी महक उठी है।

# पंच उपचुनाव : भाजपा को 3 और कांग्रेस को 2 सीट पर मिली जीत





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

■ कई वार्डों में दिलचस्प रहे मुकाबले

क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के पांच वार्डों में हुए पंच उपचुनाव के परिणाम आ चुके हैं। चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने तीन सीट पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने दो सीट पर कब्जा जमाया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोबरा के वार्ड क्रमांक 8 में कांग्रेस समर्थित महेश कुमार साहू ने 41 मत प्राप्त कर रामजी साहू को 15 मतों से पराजित किया। इस मुकाबले में निर्दलीय टिकेश्वर नागरची को 8 मत मिले। ग्राम पंचायत कुहकुहा के वार्ड क्रमांक 4 में भाजपा समर्थित मानसिंग धुव ने 59 मत हासिल कर कांग्रेस समर्थित संजय गोंड को 24 मतों से हराया। ग्राम पंचायत चर्रा के वार्ड क्रमांक 6 में सबसे रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जहां भाजपा समर्थित लता नंदूलाल बैस ने 45 मत प्राप्त कर कांग्रेस समर्थित तारामति पटेल को मात्र 5 मतों से शिकस्त दी। ग्राम पंचायत सेमरा बी के वार्ड क्रमांक 20 में कांग्रेस समर्थित आकाश कुमार सिन्हा ने 84 मत हासिल कर भाजपा समर्थित उमेंद राम सिन्हा को 57 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया, जो उपचुनाव की सबसे बड़ी जीत रही। वहीं ग्राम पंचायत सिवनीकला के वार्ड क्रमांक 9 में भाजपा समर्थित ओमप्रकाश डाण्डे ने 70 मत प्राप्त कर कांग्रेस समर्थित तीजू राम धृतलहरे को 15 मतों से हराया। पांचों वार्डों के परिणामों के साथ भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने दो सीट पर जीत दर्ज की। चुनाव नतीजों ने ग्रामीण राजनीति में नए समीकरणों और आगामी चुनावों को लेकर चर्चाओं को तेज कर दिया है।

# राजकुमारी बनीं लीलर की सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

ग्राम पंचायत लीलर में हुए उपचुनाव में पूर्व सरपंच स्व. हेमंत नेताम की पत्नी राजकुमारी नेताम को ग्रामीणों ने 281 मतों से विजय दिलाकर सरपंच पद पर पदासीन किया है। गौरतलब है कि हेमंत पूर्व में भारी मतों से जीत करके सरपंच बना था लेकिन कार्यकाल के दौरान एक साल बाद ही आकस्मिक निधन हो गया था। ग्रामीणों ने उसकी पत्नी राजकुमारी नेताम को सरपंच बनाया है। राजकुमारी के विजयी होने पर ग्रामीण अछोटा जोन अध्यक्ष सूर्या नेताम, पेखनलाल साहू, सखाराम नेताम, हेमलाल मरकाम, जनक, राजेंद्र ओटी, अगस्त नेताम, मीतराम, सिन्हा, लखन, नेम, हेमू कुंजाम, रामकरण सेन, कार्तिक दीवान, भगत राम नेताम, प्रमिला बाई सेन, बल्दी नेताम, रमेशरी नेताम, जीतू दीवान, लताबाई, गंगा, नेम, गोमती, तमेश कंवर ने हर्ष जताया है।



### नकल पर अंकुश लगाने उड़नदस्ता दल का गठन

# सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हो रही डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार डाइट नगरी में डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा 28 मई से 12 जून तक होगी। प्रथम वर्ष में 93 तथा द्वितीय वर्ष में 89 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षा का संचालन सहायक प्राध्यापक डी.के. साहू एवं व्याख्याता भूपेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

बोर्ड के निर्देशों के अनुरूप परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा संपन्न हो रही है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए केंद्र में प्रकाश एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। नकल पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा नियमित जांच के लिए नगरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण डी.के. सूर्यवंशी सहायक संचालक धमतरी, कलीराम साहू, महेश्वरी ध्रुव बीईओ कार्यालय नगरी, प्रकाश साहू बीआरसीसी नगरी, बोर्ड सदस्य संजय ठाकुर, प्रकाश यादव तथा रामनाथ साहू उप प्राचार्य डाइट नगरी द्वारा किया जा चुका है।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। पर्यवेक्षण कार्य में व्याख्याता नरेन्द्र देवांगन, जोहन नेताम, देवकुमार साहू, प्रकाश सिंह तथा हेड टीचर दीप नारायण दुबे, चन्द्रभान गजपाल, ममता प्रजापति एवं शशिकला बैरागी सहयोग दे रहे हैं। वहीं परीक्षा व्यवस्था में वेदप्रकाश साहू, खीरभान कश्यप, चिंताराम सोम एवं उमेश्वरी ध्रुव की ड्यूटी लगाई







# स्वस्थ और नशामुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

■ विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई को तपस्या भवन भखारा में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, तामेश्वर साहू, गीतालक्ष्मी साहू आर्ट ऑफ लिविंग कुरूद एवं बीके करुणा संचालिका, तपस्या भवन ओम शांति सेंटर भखारा रहे।

मुख्य अतिथि हरखचंद जैन ने कहा कि तम्बाकू का सेवन कैंसर सहित अनेक घातक बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। तामेश्वर साहू ने कहा कि तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट और गुटखा का सेवन आज सामाजिक फैशन का रूप लेता जा रहा है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने लोगों से स्वयं नशा न करने तथा दूसरों को भी इसके सेवन से रोकने का आह्वान किया।

मौके पर अयांश, अक्षांश, भव्या, समर, भौमिक, वेदिका, त्रयक्ष, पूर्वी, सेजल, गुनगुन, ओजस, डॉ. संतोष, डॉ. निर्मला, हिरेन्द्र साहू, बसंत बैस, लीलाधर साहू, देवनारायण साहू, श्रीमती तिलेश साहू, हरवंश साहू

**बच्चों को नशे से बचाने में माता-पिता की भूमिका महत्वपूर्ण**

बीके करुणा ने बताया कि नशे के कारण अनेक गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को नशे की बुराइयों से बचाने में माता-पिता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। यदि बड़े स्वयं नशामुक्त जीवन जीते हैं तो बच्चे भी सुरक्षित एवं संस्कारित वातावरण प्राप्त करते हैं।

**नशामुक्त समाज निर्माण की दिलाई गई शपथ**

बीके होरीलाल ने सभी लोगों को तम्बाकू सेवन न करने तथा समाज को भी इसके दुष्प्रभावों से बचाने की शपथ दिलाई। सभी ने नशामुक्त समाज निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

### विधायक प्रतिनिधि हरख जैन और नगर पालिका अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# ई-लाइब्रेरी में जल्द मिलेगी वाई-फाई की सुविधा, विद्यार्थियों को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगर में नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण करने विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया, समाजसेवी हरीश साहू सहित अन्य पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इस आधुनिक ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर द्वारा किया गया था।

निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने ई-लाइब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। इस दौरान बच्चे कंप्यूटर के माध्यम से अध्ययन करते हुए दिखाई दिए। कई बच्चे ड्राइंग बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे, वहीं अन्य बच्चे पुस्तकों का अध्ययन एवं वाचन करते नजर आए। बच्चों की सीखने की उत्सुकता और अनुशासन को देखकर अतिथियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ई-लाइब्रेरी बच्चों और युवाओं के ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण केंद्र बन रही है। यहां उपलब्ध डिजिटल एवं पुस्तक संबंधी सुविधाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगी।

निरीक्षण के दौरान ई-लाइब्रेरी की केयरटेकर कंचन साहू बच्चों का मार्गदर्शन एवं सहयोग करते हुए दिखाई दीं। बच्चों को कंप्यूटर संचालन, अध्ययन सामग्री की जानकारी एवं अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान कर लाइब्रेरी को एक प्रेरणादायक शिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने प्रोत्साहित किया। यहां रजिस्टर भी मेंटेन किया जा रहा है जिसमें आगंतुक प्रतिभागियों का विवरण रहेगा।उन्होंने कहा कि ऐसी सुविधाएं बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने तथा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।



Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# मॉडमसिल्ली बांध के मत्स्य ठेका को निरस्त करने की मांग

## 34 गांवों के ग्रामीणों ने मंत्री रामविचार नेताम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के मॉडमसिल्ली बांध क्षेत्र के 34 गांवों के जनजातीय समाज, मछुआरा समाज एवं अन्य ग्रामीण समुदायों के प्रतिनिधियों ने वर्ष 2016 से संचालित मत्स्य ठेका व्यवस्था को निरस्त करने तथा आगामी 9 जून को प्रस्तावित टेंडर प्रक्रिया को रद्द करने की मांग को लेकर प्रदेश के आदिम जाति एवं जनजातीय विकास मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

आदिवासी नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बताया कि मॉडमसिल्ली बांध क्षेत्र अनुसूचित जनजाति बाहुल्य एवं वनांचल क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय परिवार मत्स्य पालन एवं उससे जुड़े व्यवसाय पर निर्भर हैं। इसके बावजूद वर्षों से बाहरी ठेकेदारों को मत्स्याखेट का अधिकार दिए जाने के कारण स्थानीय मछुआरों एवं ग्रामीणों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

मंत्री रामविचार नेताम ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और मामले में नियमानुसार परीक्षण कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्र के जनजातीय समाज, मछुआरा समाज एवं विभिन्न गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे।



### रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए स्थानीय सहकारी समिति को मिले मत्स्याखेट का अधिकार

ज्ञापन में मांग की है कि वर्तमान मत्स्य ठेका व्यवस्था को समाप्त कर प्रस्तावित निविदा प्रक्रिया को निरस्त किया जाए तथा स्थानीय प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित मॉडमसिल्ली को प्राथमिकता के आधार पर मत्स्याखेट का अधिकार प्रदान किया जाए। इससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार, आर्थिक सशक्तिकरण एवं आजीविका के स्थायी अवसर प्राप्त होंगे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शासन की जनजातीय एवं ग्रामीण हितैषी नीतियों के अनुरूप स्थानीय समुदायों को प्राकृतिक संसाधनों पर प्राथमिक अधिकार मिलना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### नशीली कैप्सूल लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर।** बोधघाट पुलिस ने नशीली कैप्सूल के साथ एक आरोपी को नया बस स्टेण्ड से गिरफ्तार किया है जो ग्राहक का इंतजार कर रहा था। बोधघाट पुलिस को सूचना मिली थी कि नया बस स्टैंड के पीछे आम पेड़ के पास एक युवक अपने कब्जा में नशे के रूप में उपयोग होने वाले अवैध प्रतिबंधित कैप्सूल रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन, सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संदेही व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बंटू चौहान 27 वर्ष निवासी आड़ावाल खासपारा का रहने वाला बताया। उसके कब्जे से अवैध प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल 17 पत्ता कुल 136 नग कीमत 54 हजार 4 सौ रूपए बरामद किया गया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 21 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

### एक वर्ष बाद भी सुशासन तिहार के आवेदनों का नहीं हुआ निराकरण

**घाटलोहंगा।** ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार एवं प्रशासन पर सुशासन तिहार के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार को जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसकी स्थिति चिंताजनक दिखाई दे रही है। पिछले वर्ष आयोजित सुशासन तिहार में ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा बड़ी संख्या में आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, किंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अधिकांश आवेदनों का निराकरण नहीं हो सका है।



उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि उन्होंने स्वयं ग्राम पंचायत बड़े चकवा के विकास कार्यों से संबंधित लगभग 30 से 35 आवेदन सुशासन तिहार के दौरान प्रस्तुत किए थे। इन आवेदनों में सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, सिंचाई सुविधा, सामुदायिक भवन निर्माण, नाली निर्माण, ग्रामीण अधोसंरचना विकास तथा अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल थे। इन मांगों को लेकर कई बार जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर ठोस निर्णय या कार्रवाई देखने को नहीं मिली है।

### रासेयो ने तम्बाकू छोड़ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**दरभा।** भारत सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार ने 31 मई से 2 जून तक तम्बाखू निषेध अभियान चलाया। इस दौरान ग्राम पंचायत कोयनार में दिवाल लेखन कर तथा लोगों से बातचीत कर तम्बाकू और तम्बाकू से बने उत्पाद गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, गुड़ाखू आदि के सेवन से होने वाले भयानक लाइलाज बीमारी कैंसर के बारे में बताया गया। उन्हें नेट के माध्यम वीडियो और कैंसर बीमारी से बने हालात को दिखाकर समझाया कि आज ही तंबाखू और इससे बने उत्पाद को छोड़ें और स्वास्थ्य जिंदगी से नाता जोड़े।

### पीएम श्री सेजेस में 15 दिवसीय समर कैंप शुरू

**लोहांडीगुड़ा।** पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस लोहांडीगुड़ा में आज 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति एसएमडीसी के अध्यक्ष बसंत कश्यप, खंड शिक्षा अधिकारी एसएमटी शालिनी तिवारी तथा उसरीबेड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच गुड्डूराम द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बच्चों को शुभकामनाएं देकर किया गया। समर कैंप के प्रथम दिवस पर बच्चों का स्वागत किया गया।

## जिला स्तरीय प्रशिक्षण में अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण शिकायत निराकरण के दिए निर्देश

# जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का माध्यम बनेगी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 : कलेक्टर

## शिकायतों का समाधान उत्तरदायित्व से करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सुशासन, पारदर्शिता एवं जन-केंद्रित प्रशासन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा प्रारंभ की जा रही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिपं के सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर, राज्य कार्यालय से आए वरिष्ठ सलाहकार आरके शर्मा तथा प्रशिक्षक सौरभ श्रीकांत उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सुशासन का वास्तविक आधार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं संतोषजनक निराकरण में निहित है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 शासन और आमजन के मध्य संवाद, विश्वास एवं जवाबदेही का एक सशक्त माध्यम सिद्ध होगी।

श्री मिश्रा ने कहा कि यह व्यवस्था शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी तथा परिणामोन्मुख बनाएगी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे शिकायतों के निराकरण को केवल प्रशासनिक औपचारिकता न मानें, बल्कि जनसेवा का महत्वपूर्ण अवसर समझते हुए प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ समाधान सुनिश्चित करें।




### समाधान को अधिक सरल, सुलभ एवं पारदर्शी बनाएगा

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने कहा कि नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध एवं संवेदनशील निराकरण प्रशासन एवं पुलिस की साझा जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 नागरिकों को सीधे शासन से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है, जो शिकायतों के समाधान को अधिक सरल, सुलभ एवं पारदर्शी बनाएगा।

### फीडबैक की प्रक्रिया पारदर्शी होगी

वरिष्ठ सलाहकार आरके शर्मा ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि यह व्यवस्था शिकायतों के पंजीयन से लेकर निराकरण एवं फीडबैक प्राप्त करने तक की संपूर्ण प्रक्रिया को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाएगी। उन्होंने विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों की भूमिका, शिकायतों के वर्गीकरण, समय-सीमा निर्धारण तथा गुणवत्ता आधारित निराकरण के मानकों की जानकारी भी प्रदान की।

# गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में सजा विवाह खेल मनोरथ





■ विशेष श्रृंगार कर विवाह उत्सव की मनोहारी झांकी सजाई गई, भजन-कीर्तन से गूंजा मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में सोमवार को विवाह खेल का मनोरथ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस मनोरथ के मनोरथी प्रदीप मिरानी परिवार रहे। भगवान श्री गोवर्धननाथजी का विशेष श्रृंगार कर विवाह उत्सव की मनोहारी झांकी सजाई गई, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक चले दर्शन के दौरान भक्तों ने भगवान के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। मंदिर परिसर में पूरे समय भक्तिमय वातावरण बना रहा। भजन-कीर्तन और मंगल गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने विवाह खेल की झांकी का आनंद लिया।

भगवान के विशेष श्रृंगार और आकर्षक सजावट ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष तरुण अंबानी एवं सचिव कीर्ति शाह ने बताया कि पुष्टिमार्गीय परंपरा के

# अबूझमाड़ के दुर्गम जंगलों में गूंजी राष्ट्रभक्ति



■ डॉ. प्रेमा साईं महाराज ने किया आईटीबीपी के वीर जवानों का सम्मान

■ अबूझमाड़ क्षेत्र पहुंचकर जवानों के साहस, समर्पण और बलिदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आध्यात्मिक संत एवं समाजसेवी डॉ. प्रेमा साईं महाराज ने ओरछा ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर आगे स्थित एडजूम एवं आदेर-सिओबी क्षेत्र पहुंचकर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों का सम्मान किया तथा उनके साहस, समर्पण और राष्ट्रसेवा को नमन किया।

यह वही क्षेत्र है जिसे कभी माओवादियों की सेंट्रल कमेटी का सबसे सुरक्षित ठिकाना माना जाता था। लंबे समय तक नक्सली गतिविधियों के कारण यह इलाका भय और असुरक्षा का केंद्र बना रहा, लेकिन सुरक्षा बलों की निर्णायक कार्रवाई और लगातार प्रयासों के बाद आज यहां शांति, सुरक्षा और विकास का नया वातावरण दिखाई दे रहा है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में पहुंचकर जवानों का सम्मान करना एक प्रेरणादायक पहल मानी जा रही है।

घने जंगलों, दुर्गम पहाड़ी रास्तों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को पार करते हुए डॉ. प्रेमा साईं महाराज सुरक्षा बलों के कैंप तक पहुंचे। उन्होंने जवानों से आत्मीय मुलाकात की और देश की सुरक्षा में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। इस दौरान उन्होंने जवानों का सम्मान करते हुए कहा कि सीमाओं से लेकर जंगलों तक राष्ट्र की सुरक्षा में जुटे जवान भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं।

डॉ. प्रेमा महाराज ने कहा कि अबूझमाड़ की इन दुर्गम वादियों में तैनात जवान केवल देश की सुरक्षा ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि शांति, विश्वास और विकास की नई नींव भी रख रहे हैं। जिस क्षेत्र में कभी भय और हिंसा का माहौल था, वहां आज सुरक्षा बलों के साहस और बलिदान की बदौलत परिवर्तन की नई कहानी लिखी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जवानों और स्थानीय लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

अबूझमाड़ की इस यात्रा ने यह संदेश दिया कि जहां कभी भय और हिंसा का साया था, वहां आज शांति, विकास, विश्वास और राष्ट्रभक्ति का दीप प्रज्वलित हो रहा है। डॉ. प्रेमा साईं महाराज की यह पहल न केवल जवानों के मनोबल को बढ़ाने वाली रही, बल्कि समाज को भी राष्ट्रसेवा और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति प्रेरित करने वाली साबित हुई।

### कभी माओवादियों का गढ़, आज बदलाव की नई कहानी

अबूझमाड़ क्षेत्र कभी माओवादी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र माना जाता था। सुरक्षा बलों के लगातार अभियानों के बाद अब यहां शांति और विकास की नई तस्वीर उभर रही है। डॉ. प्रेमा साईं महाराज की यात्रा इस परिवर्तन का प्रतीक बनकर सामने आई, जिसने यह संदेश दिया कि अबूझमाड़ अब भय नहीं, बल्कि विश्वास, विकास और राष्ट्रभक्ति की पहचान बन रहा है।

# पंचायत उपचुनाव : सिवनीकला के वार्ड 9 में भाजपा का कब्जा

■ भाजपाइयों ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटी और जश्न मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



1 जून को ग्राम पंचायत सिवनीकला में वार्ड क्रमांक 9 के लिए पंच पद हेतु उपचुनाव हुआ। भाजपा और कांग्रेस के 2 उम्मीदवार मैदान पर थे। भाजपा ने ओमप्रकाश डांडे को मैदान में उतारा और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी तीजू राम घृतलहरे थे। पीठासीन प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव हुआ। मतदान के बाद मतों की गणना की गई।

भाजपा समर्थित प्रत्याशी ओमप्रकाश डांडे ने 70 मत बटोरते हुए कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी तीजूराम घृतलहरे को 15 मतों से हराया। इससे पहले यहां कांग्रेस का पंच था। वहीं प्रत्याशी तीजूराम 55 मतों में ही सिमट गए।

कुल मतों की संख्या 126 रही जिसमें 1 मत को खारिज किया गया। भाजपा प्रत्याशी की जीत पर भाजपाइयों ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटी और जश्न मनाया। मौके पर टकेश्वर चंद्राकर शक्ति केंद्र प्रभारी, केवल चंद्राकर शक्ति केंद्र प्रभारी, टेकराम साहू जनपद सदस्य, लता ध्रुव सरपंच, चंद्रप्रकाश साहू सिवनीकला सोसायटी अध्यक्ष, सुशील साहू पूर्व जनपद सदस्य, विक्रम साहू पूर्व सरपंच, दीपदान साहू उपसरपंच, कपिल देव, कुंजीलाल साहू, खिलावन चंद्राकर, डीलेश्वर साहू, राधिका पटेल, ममता सेन, गायत्री साहू सहित अनेक ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

## अंचल की खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय ब्राम्हण दिवस पर हुई भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की गई



**धमतरी।** राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज के आव्हान पर संपूर्ण देश तथा देश से बाहर निवासरत सामाजिक जनों ने अपने अपने स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय ब्राम्हण दिवस मनाया। छत्तीसगढ़ के प्रांतीय कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाश पुरी रायपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने अपने परिवार सहित भगवान परशुराम तथा आचार्य चाणक्य की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र के नाम वीडियो संदेश भी प्रसारित किया। धमतरी में युवा मंच प्रदेशाध्यक्ष विक्रांत शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी पीयूष पांडेय, प्रांतीय महासचिव युवराज शर्मा, महिला मंच जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा, युवा मंच जिलाध्यक्ष दीपक पांडेय, रितेश मिश्रा, सूरज शर्मा, ननकू महाराज, निशांत शर्मा द्वारा भगवान परशुराम के तैलचित्र विराजित कर विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया।

### बलियारा में वाचनालय का शुभारंभ



**धमतरी।** ग्राम बलियारा में नए वाचनालय के शुभारंभ से छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस वाचनालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबों का अनूठा संग्रह रखा गया है, जिसमें स्कूल स्तर की पुस्तकें, सैनिक स्कूल प्री डीएड पेपर, सामान्य ज्ञान, लोक सेवा आयोग संबंधी पुस्तकें, आयुर्वेद और धर्मग्रंथ, सेना भर्ती से संबंधित पुस्तकें शामिल हैं। सरपंच चुम्मन हीरा कंवर एवं उपसरपंच देवनारायण साहू ने उद्घाटन किया। सचिव मोहित साहू, युवा विकास समिति अध्यक्ष चंद्रप्रकाश और प्रभारी अध्यक्ष कुलदीप साहू के साथ ग्राम विकास समिति के सदस्य भी उपस्थित थे। उपसरपंच ने बताया कि बच्चों के पढ़ने के लिए टेबल और कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। सरपंच ने कहा कि आगामी सत्र में और पुस्तकें लाई जाएंगी। ग्राम बलियारा का यह वाचनालय युवा एवं युवतियों के बीच पढ़ाई और ज्ञान बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### तहसील साहू समाज शहर धमतरी ने दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं सेवानिवृत शिक्षक सोनूराम साहू एवं उनकी पत्नी श्रीमती खेदीबाई साहू के आकस्मिक निधन पर तहसील साहू समाज शहर धमतरी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि देने वालों में तहसील साहू समाज शहर धमतरी के संरक्षक रोहित साहू, यशवंत कुमार साहू, गोपीकिशन साहू, विजय गौतम साहू, अध्यक्ष चंद्रभागा साहू, उपाध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, भगवती साहू, संगठन सचिव रामेश्वर साहू, जानकी साहू, डॉ. गिरीश साहू, देवेंद्र साहू, लक्ष्मण साहू, नीलमणि साहू, लीलाराम साहू, ललित साहू, मदन साहू, पीतांबर साहू, लालाराम साहू, अनिल साहू, बंशीलाल साहू, हेमन्त साहू, किशन साहू, डोमार सिंह दादरा, संतोषी साहू, प्रवीण साहू शामिल हैं।





### नवीन आचार्यों का आवासीय प्रशिक्षण 3 जून से



**धमतरी।** सशिमं छाती में पहली बार जिला स्तरीय नवीन आचार्यों एवं दीदियों का 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 3 जून से प्रारंभ होकर 12 जून तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान नवीन आचार्यों एवं दीदियों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजन को लेकर विद्यालय परिसर में व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं ताकि प्रतिभागियों को प्रशिक्षण अवधि में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। सशिमं छाती के सचिव नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में पहली बार इस प्रकार का जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, जिससे नवीन आचार्यों एवं दीदियों को अपने दायित्वों के निर्वहन में आवश्यक मार्गदर्शन एवं अनुभव प्राप्त होगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

mahindra Rise

mahindra TRACTORS
TOUGH HARDUM

अब आपके शहर **धमतरी** में लेकर आया है

# बरडिया एग्रो

## महिन्द्रा ट्रैक्टर की सम्पूर्ण रेंज

**सेल्स • सर्विस • स्पेयर**

### प्रथम नगर आगमन पर विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन...



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **श्री परीक्षित घोष जी**<br>नेशनल बिजनेस आपरेशन्स<br>महिन्द्रा एंड महिन्द्रा (फार्म डिविजन) | **श्री रमेश राठौर जी**<br>जोनल हेड<br>महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमि. (ट्रेक्टर) | **श्री दिलीप सिंह जी**<br>स्टेट हेड छत्तीसगढ़<br>महिन्द्रा एंड महिन्द्रा (फार्म डिविजन) | **श्री रमाकांत द्विवेदी जी**<br>सीनियर एरिया मैनेजर, आर.सी.जी.<br>महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमि. (ट्रेक्टर) | **श्री सचिन हुडकर जी**<br>डिप्टी एरिया मैनेजर<br>महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमि. (ट्रेक्टर) |

लाल की ललकार
रग रग लाल

Mahindra NOVO 605DI-PS



कॉम्बो ऑफर
₹9.81 लाख

*नियम व शर्तें लागू, नोट : आरटीओ और बीमा अतिरिक्त हैं, लोन प्रोसेसिंग फी अलग से देय होगा, यह ऑफर एक्सचेंज पर मान्य नहीं है।

## आवश्यकता है

**- धमतरी -**

| | |
|---|---|
| सेल्स मैनेजर - 2 पद | मैकेनिक - 5 पद |
| सेल्समेन - 10 पद | हार्वेस्टर मैकेनिक - 2 पद |

**- भखारा -**

| | |
|---|---|
| सेल्स मैनेजर - 1 पद | मैकेनिक - 2 पद |
| सेल्समेन - 4 पद | हार्वेस्टर मैकेनिक - 1 पद |

रिज्युम/बायोडाटा वाट्सएप करें - 9907938368   साक्षात्कार के लिए संपर्क करें - 9893145916, 9907938368

साक्षात्कार के लिए अपना बायोडाटा लेकर दिनाँक **4 जून से 10 जून** तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नीचे दिए पते पर पहुचे.

अधिकृत विक्रेता -

# बरडिया एग्रो

रिलायंस पेट्रोल पंप के पास अर्जुनी, धमतरी

**संपर्क करें : 9907938368, 9754731999, 9893145916**